प्रथम सत्रांत आकलन

कक्षा छठी

विषय – हिन्दी

समयः 3घण्टे **पूर्णांक – 35**

निर्देशः– सभी प्रश्न अनिवार्य है।

लिखाई का विशेश ध्यान रखें।

प्र01 अपठित गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें – (4)

मेहनत का फल सदैव मीठा होता है। मेहनत एक ऐसा हथियार है जिसकी सहायता से मनुश्य आलस्य रूपी दुश्मन को मारकर अपनी सफलता का मार्ग आसान बना सकता है। इस संसार में बिना मेहनत के कुछ भी प्राप्त नहीं हो सकता। बैठे–बैठे केवल सपने बुनने से या ख्याली पुलाव पकाने से कार्य की सिद्धि नहीं होती।

(i) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखें।

(ii) मेहनत का फल कैसा होता है ?

(iii) मेहनत कैसा हथियार है ?

(iv) कार्य की सिद्धि कैसे नहीं होती ?

प्र02. गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें– (3)

पिछली सदी में तेज रफ्तार गाड़ी वही थी। कभी–कभी हवाई जहाज भी देखने को मिलते। दिल्ली में जब भी उनकी आवाज आती, बच्चे उन्हें देखने बाहर दौड़ते। दीखता एक भारी–भरकम पक्षी उड़ा जा रहा है, पंख फैलाकर। यह देखो और वह गायब। उसकी स्पीड ही इतनी तेज लगती।

(i) पाठ और लेखिका का नाम लिखो।

(ii) बच्चे क्या देखने के लिए दौड़ पड़ते थे ?

(iii) हवाई जहाज कैसा लगता था ?

प्र03. पाठ्य पुस्तक पर आधारित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दो– (6)

(i) लेखिका इतवार की सुबह क्या–क्या काम करती थी ?

(क) खेलना (ख) पढ़ना (ग) मोजे धोना व जूते पॉलिश करना

(ii) केशव के घर कार्निस के ऊपर किसने अंडे दिए ?

(क) कौवा (ख) कबूतर (ग) चिड़िया (घ) मुर्गी

(iii) छोटू ने खाँचे में क्या डाला ?

(क) चाबी (ख) कार्ड (ग) सुई (घ) अंगुली

(iv) मोहन को कहाँ दर्द था ?

(क) पेट में (ख) सिर में (ग) अंगुलियों में (घ) हाथ में

(v) नागराजन का अलबम कैसा था ?

(क) बेहद प्यारा (ख) अनोखा

(ग) बुरा (घ) इनमें से कोई नहीं

(vi) हमारी धरती कितनी पुरानी है ?

(क) पाँच साल पुरानी (ख) पाँच अरब वर्ष पुरानी

(ग) पाँच हजार वर्ष पुरानी

प्र04. काव्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें – (3)

वह चिड़िया जो –
चोंच मारकर
चढ़ी नदी का दिल टटोलकर
जल का मोती ले जाती है
वह छोटी गरबीली चिड़िया
नीले पंखो वाली मैं हूँ
मुझे नदी से बहुत प्यार है।

(i) कवि एवं कविता का नाम लिखो।

(ii) चिड़िया नदी से क्या ले जाती है ?

(iii) चिड़िया के पंखों का रंग कैसा है ?

प्र05. पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें– (6)

(i) चिड़िया दानों को किससे चुगती है ?

(क) चोंच से (ख) पैर से (ग) मुँह से (घ) पंख से

(ii) तारे कहाँ टिमटिमाते हैं ?

(क) जमीन में (ख) आसमान में (ग) खेत में (घ) पानी में

(iii) कवि ने फौलाद की तरह मजबूत किसे कहा है ?

(क) पैरों को (ख) सीने कों (ग) सीने और भुजाओं को

(iv) हमारी मंजिल कैसी मंजिल है ?

(क) एक जैसी (ख) सच्चाई की (ग) अलग–अलग

(v) चाँद को क्या बीमारी है –

(क) घटने व बढ़ने की (ख) हँसने की (ग) रोने की

(vi) चिड़िया किसके लिए गाती है ?

(क) नदी के लिए (ख) तालाब के लिए (ग) बूढ़े वन बाबा के लिए

खण्ड– ख (व्याकरण भाग)

प्र06. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें – (0.5 × 9)4.5

(i) निम्न में से संज्ञा शब्द क्या है ?

(क) आज (ख) अच्छा (ग) राधा

(ii) शुद्ध शब्द छाँटिएः–

(क) आग्यकारी (ख) आज्ञाकारी (ग) आज्ञाकारि

(iii) विद्यालय का सही सन्धि–विच्छेद चुनें–

(क) विद्य + आलय (ख) विद्या+लय (ग) विद्या+आलय

(iv) लिंग बदलो–

लड़की पढ़ती है।

(v) वचन बदलो–

बच्चा रोता है।

(vi) हिन्दी भाषा की लिपि का नाम क्या है ?

(vii) 'क' का उच्चारण स्थान लिखो।

(viii) भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या है ?

(ix) निम्न में से कौन सा सर्वनाम नहीं है ?

क) मैं (ख) वह (ग) लता घ) तुम

प्र0 7 मिलान करो– (0.5 × 5)2.5

छोटा	प्रदान
अमीर	पास
आदान	बड़ा
झूठ	गरीब
दूर	सच

खण्ड–ग

प्र08 किसी एक विषय पर दस पंक्तियाँ लिखें – (3)

मेरा मित्र

अथवा

आपको कौन सा खेल खेलना अच्छा लगता है ?

अपने प्रिय खेल के विषय में लिखें।

प्र09 अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य। मुख्याध्यापक को बीमारी के कारण अवकाश हेतु प्रार्थना–पत्र लिखें।

(3)

या

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य। मुख्याध्यापक को फीस माफ करवाने हेतु प्रार्थना–पत्र लिखें।